भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4307
दिनांक 29 मार्च, 2022

आंध्र प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके)

4307. डॉ. संजीव कुमार शिंगरी:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में मौजूद कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) का जिले-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार राज्य में नए कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कितने प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और फ्रंट-लाइन प्रदर्शन और ऑन-फार्म परीक्षण किए गए हैं; और
(घ) राज्य में ऐसी पहलों से कितने किसान लाभान्वित हुए हैं?

उत्तर
कृषि और किसान कल्याण मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) आंध्र प्रदेश में 24 कृषि विज्ञान केन्द्र हैं। अनन्तपुर, चित्तूर, ईस्ट गोदावरी, गुंटूर, कृष्णा, करनूल, प्रकाशम, श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर, विशाखापटनम, वेस्ट गोदावरी और वाईएसआर कडापा ज़िलों में दो-दो कृषि विज्ञान केन्द्र तथा श्रीकाकुलम और विज़ियानगरम ज़िलों में एक-एक कृषि विज्ञान केन्द्र हैं।

(ख) इस समय राज्य में नए कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

(ग) एवं (घ): आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान समग्र रूप में 5249 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुए जिससे 1.72 लाख कृषक लाभान्वित हुए, 247 व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से 5266 ग्रामीण युवा लाभान्वित हुए, 14581 किसानों के खेतों में 14581 अग्र-पंक्ति (फ्रंट-लाइन) प्रदर्शन और 5090 किसानों के खेतों में 5090 ऑन फॉर्म परीक्षण आयोजित किए गए।

****